NCERT
National Council Of Educational Research And Training

# NCERT Solutions for 1st Class Hindi: Chapter 20-भगदड़

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 20-भगदड़

Class 1st Hindi Chapter 20 Solutions - Complete Class 1 Hindi Chapter 20 Notes.

## NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 20-भगदड़

NCERT 1st Hindi Chapter 20, class 1 Hindi Chapter 20 solutions

कविता का सारांश

प्रस्तुत कविता 'भगदड़' के कवि पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी हैं। इस कविता में उन्होंने घर के जीव-जंतुओं से परेशान साठ वर्ष की एक बुढ़िया का वर्णन किया है। कवि कहता है कि बुढिया चक्की चला रही थी, तभी दोने में रखी मिठाई पर मक्खी आकर बैठ गई। बुढ़िया जैसे ही बाँस उठाकर मक्खी को भगाने के लिए दौड़ी, बिल्ली पकौड़े खाने लगी। बुढिया घर के अंदर बिल्ली को भगाने के लिए झपटी, तभी कुत्ता रोटी लेकर भाग गया। तब बुढ़िया बाहर निकली। उसके बाहर निकलते ही एक बकरा घर के अंदर

घुस गया। बुढ़िया जैसे ही बाहर निकली, मटका गिर गया। इससे बकरा भाग खड़ा हुआ। तब बुढ़िया थककर बैठ गई तथा बिल्ली को ही पूरा घर सौंप दिया।

काव्यांशों की व्याख्या

1. बुढ़िया चला रही थी चक्की,

पूरे साठ वर्ष की पक्की।

दोने में थी रखी मिठाई,

उस पर उड़कर मक्खी आई।

बुढिया बाँस उठाकर दौड़ी,

बिल्ली खाने लगी पकौड़ी।

शब्दार्थ: चक्की – आटा पीसने या दाल दलने वाला पत्थर का एक यंत्र। दोना-पत्तों से बना कटोरी के आकार का बरतन।।

प्रसंग: प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक रिमझिम, भाग-1 में संकलित कविता 'भगदड़' से ली गई हैं। इस कविता के रचयिता पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी हैं। इसमें कवि ने जीव-जंतुओं की शैतानी से परेशान एक बुढ़िया के बारे में बताया है।

व्याख्या: कवि कहता है कि साठ वर्ष की एक बुढिया चक्की चला रही थी। तभी दोने में रखी मिठाई पर एक मक्खी आकर बैठ गई। बुढ़िया बाँस उठाकर मक्खी को भगाने के लिए दौड़ी। जैसे ही बुढिया मक्खी को भगाने के लिए दौड़ी, एक बिल्ली पकौड़ी खाने लगी।

2. झपटी बुढ़िया घर के अंदर,

कुत्ता भागा रोटी लेकर।

बुढिया तब फिर निकली बाहर,

बकरा घुसा तुरंत ही भीतर।

बुढ़िया चली, गिर गया मटका,

तब तक वह बकरा भी सटका।

बुढ़िया बैठ गई तब थककर,

सौंप दिया बिल्ली को ही घर।

शब्दार्थ: मटका-मिट्टी का बड़ा घड़ा, जिसका मुख चौड़ा होता है।

प्रसंग: पूर्ववत।

व्याख्या: उपर्युक्त पंक्तियों में कवि कहता है कि बुढिया जैसे ही घर के अंदर गई, कुत्ता रोटी लेकर भाग खड़ा हुआ। यह देख बुढिया बाहर निकली, तो बकरा तुरंत ही घर के अंदर घुस गया। बुढिया बकरे को भगाने के लिए चली तो वह मटके से टकरा गई जिससे मटका गिर गया। मटका गिरते ही बकरा भाग खड़ा हुआ। तब बुढ़िया थककर बैठ गई और बिल्ली को ही पूरा घर सौंप दिया।

प्रश्न-अभ्यास

(पाठ्यपुस्तक से)

कौन-कौन आया?

प्रश्न 1.

बुढ़ियों को परेशान करने कौन-कौन आया? चित्र बनाओ।

उत्तर :

मक्खी, बिल्ली, कुत्ता और बकरा।


उत्तर :

विद्यार्थी इनके चित्र स्वयं बनाएँ।

प्रश्न 2.

कौन किसके साथ? मिलाओ।

उत्तर :



**प्रश्न 3.**

**कविता में किसके बाद कौन आया?**

**उत्तर :**

- सबसे पहले → मक्खी
- उसके बाद → बिल्ली
- उसके बाद → कुत्ता
- अंत में → बकरा

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 1 Hindi :


- Chapter 1 – झूला
- Chapter 2 – आम की कहानी
- Chapter 3 – आम की टोकरी
- Chapter 4 – पत्ते ही पत्ते
- Chapter 5 – पकौड़ी
- Chapter 6 – छुक-छुक गाड़ी
- Chapter 7 – रसोईघर
- Chapter 8 – चूहो! म्याऊँ सो रही है
- Chapter 9 – बंदर और गिलहरी
- Chapter 10 – पगड़ी
- Chapter 11 – पतंग
- Chapter 12 – गेंद-बल्ला
- Chapter 13 – बंदर गया खेत में भाग
- Chapter 14 – एक बुढ़िया
- Chapter 15 – मैं भी......
- Chapter 16 – लालू और पीलू
- Chapter 17 – चकई के चकदुम
- Chapter 18 – छोटी का कमाल
- Chapter 19 – चार चने
- Chapter 20 – भगदड़
- Chapter 21 – हलीम चला चाँद पर
- Chapter 22 – हाथी चल्लम चल्लम
- Chapter 23 – सात पूँछ का चूहा

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.